भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1534
उत्तर देने की तारीख: 01.07.2019

केंद्रीय विश्वविद्यालयों में असमिया विभाग

1534. श्री अब्दुल खालेकः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कितने केंद्रीय विश्वविद्यालयों में असमिया विभाग हैं;

(ख) क्या तेजपुर विश्वविद्यालय, असम विश्वविद्यालय में असमिया विभाग हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो सरकार असम विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में कब तक असमिया विभाग खोलने पर विचार कर रही है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): दो केन्द्रीय विश्वविद्यालयों नामत: विश्व-भारती और असम विश्वविद्यालय के दीफू परिसर में असमिया विभाग हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने दिनांक 06.03.2019 के पत्र द्वारा तेजपुर विश्वविद्यालय में असमिया विभाग की स्थापना हेतु अनुमोदन दिया है। वर्तमान में, असम विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में असमिया विभाग खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****